भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *63

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

वायनाड सुरंग सड़क परियोजना

*63. श्री के. राधाकृष्णन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार का विचार केरल राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित वायनाड सुरंग सड़क परियोजना को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि यह परियोजना केरल के वायनाड और कर्नाटक के बेंगलुरू के बीच संपर्क बेहतर करने के लिए महत्वपूर्ण है और इससे मौजूदा थमरस्सेरी घाट रोड पर यात्रा का समय और वाहनों की भीड़-भाड़ काफी कम हो जाएगी;

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त परियोजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) क्या सरकार इसे राष्ट्रीय महत्व की परियोजना घोषित करने पर विचार करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

“वायनाड सुरंग सड़क परियोजना” के संबंध में श्री के. राधाकृष्णन द्वारा पूछे गए दिनांक 04.12.2025 **के लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *63 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ग) सरकार का सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय मुख्य रूप से देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रख-रखाव के लिए उत्तरदायी है।

कोझिकोड-वायनाड की ट्विन ट्यूब (लंबाई-8.73 किमी), चार लेन राजमार्ग सुरंग परियोजना केरल सरकार द्वारा राज्य सड़क पर अपने स्वयं के संसाधनों से विकसित की जा रही है।

केरल सरकार से किसी वित्तीय या तकनीकी सहायता का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

इसके अलावा, मौजूदा थामासारी घाट पर सुधार कार्य की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यह कार्य डीपीआर के परिणाम, पारस्परिक प्राथमिकता, बजट आवंटन और पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान के साथ तालमेल के आधार पर किया जाएगा।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

*****